कार्यालय जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिये जनपद न्यायालय, हमीरपुर के प्रांगण में स्थित कैन्टीन (जलपान गृह) की नीलामी पुनः निर्धारित दिनांक 06.04.2021 को समय सायं 4.00 बजे नियत की गयी है। उक्त तिथि के अन्दर इच्छुक व्यक्ति निम्न शर्तो सहित आवेदन पत्र दाखिल करने हेतु दिनांक 06.04.2020 को समय 1.00 बजे अपरान्ह तक प्रस्तुत कर सकते है।

1. कैंटीन (जलपानगृह) को वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिये प्राप्त करने हेतु आवेदनपत्र के साथ प्रत्येक बोलीदाता को जमानत धनराशि के रुप में मु0 10,000/– रुपये (दस हजार रुपये) नगद दिनांक 06.04.2021 को 01.00 बजे अपरान्ह तक इस कार्यालय में जमा करनी होगी। न्यूनतम बोली मु0 200860/–रू0 (दो लाख आठ सौ साठ रुपये) से प्रारम्भ होगी और इस धनराशि से कम की बोली स्वीकार नहीं की जायेगी।

2. जिस व्यक्ति की नीलामी धनराशि अधिक होगी वह स्वीकार की जायेगी तथा उसे सम्पूर्ण धनराशि का 1/4 अग्रिम किस्त के रुप में तुरन्त कार्य आरम्भ करने के पूर्व जमा करना होगा तथा उसे अपने कार्यो का लिखित अनुबन्ध पत्र भी दाखिल करना पड़ेगा उसके द्वारा जो जमानत धनराशि जमा की जायेगी उसे इस कार्यालय में जमा कर लिया जायेगा जिसे अन्तिम किस्त में समायोजित किया जायेगा। नीलामी स्वीकृति की तारीख से 7 दिन के अन्दर ठेकेदार को अपना हैसियत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा अथवा ऐसा न करने पर ठेके की सम्पूर्ण धनराशि कार्य करने के पूर्व प्रस्तुत करनी होगी।

कैंटीन (जलपानगृह) से सम्बन्धित नीलामी एवं कार्य करने की अन्य शर्तो की विस्तृत जानकारी नजारत अनुभाग से कार्यालय समय पर की जा सकती है।

22/3/21

प्रभारी अधिकारी (नजारत)
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।